वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
समाचार

WESTERN COALFIELDS LIMITED
A Miniratna Company

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 नवंबर, 2026

अंक : 534

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट



वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आत्मीय चर्चा हुई। यह भेंट जनजातीय समुदाय के कल्याण, उनके सशक्तिकरण तथा सामाजिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।

वेकोलि ने रचा इतिहास – राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक 07 प्रतिष्ठित 5-स्टार पुरस्कार प्राप्त कर देश में हासिल किया शीर्ष स्थान



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) की 07 खदानों को खनन क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए कोयला मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया। रायपुर में आयोजित एक विशेष समारोह में माननीय कोयला राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग पुरस्कार प्रदान किए गए।

पुरस्कार प्राप्त करने वाली वेकोलि की 07 खदानों में 04 भूमिगत खदानें – पाटणसावंगी भूमिगत खदान, नांदगांव इनक्लाइन, सावनेर खदान संख्या-1 एवं सावनेर खदान संख्या-2 तथा 03 ओपनकास्ट खदानें – एमकेडी-I ओपनकास्ट, एमकेडी-III ओपनकास्ट एवं मुनगॉली ओपनकास्ट शामिल हैं।

इस गरिमामय समारोह में कोयला मंत्रालय के अपर सचिव श्री सनोज कुमार झा, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री बी. साईराम, वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे, कोयला नियंत्रक संगठन (सीसीओ), नई दिल्ली के कोयला नियंत्रक श्री सतीश कुमार सहित कोयला मंत्रालय एवं विभिन्न कोयला कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

वेकोलि की ओर से सभी पुरस्कार वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे तथा संबंधित क्षेत्रों के क्षेत्रीय महाप्रबंधकों, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं संरक्षण) तथा अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के तकनीकी सचिव की उपस्थिति में ग्रहण किए गए।



उल्लेखनीय है कि उपरोक्त के साथ ही वेकोलि की अन्य 25 खदानों को 4 स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि वेकोलि की सुरक्षित, सतत एवं उत्कृष्ट खनन कार्यप्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही, यह कंपनी द्वारा सुरक्षा के उच्च मानकों के अनुपालन, परिचालन उत्कृष्टता तथा खनन गतिविधियों में निरंतर सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का प्रमाण है।

वेकोलि ने हर्षोल्लास के साथ मनाया कोल इंडिया का 52वाँ स्थापना दिवस



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में 01 नवंबर, 2026 को कोल इंडिया लिमिटेड का 52वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ वेकोलि मुख्यालय में स्थापना दिवस रैली के साथ हुआ। श्री बिक्रम घोष, निदेशक (वित्त एवं मानव संसाधन), श्री संदीप परांजपे, निदेशक (तकनीकी-संचालन) तथा श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसके पश्चात श्री बिक्रम घोष ने कोल इंडिया का ध्वज फहराया तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

अपने संबोधन में श्री बिक्रम घोष ने सभी को कोल इंडिया के स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आर्थिक विकास को गति प्रदान करने में कोल इंडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

वेकोलि के प्रदर्शन की जानकारी देते हुए श्री घोष ने बताया कि 31 अक्टूबर 2026 तक कंपनी ने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का कोयला उत्पादन 32.96 मिलियन टन तक पहुँच गया है, जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 15.9% अधिक है। इसी प्रकार, ओवरबर्डन रिमूवल (ओबीआर) 207.97 मिलियन घन मीटर दर्ज किया गया, जो गत वर्ष की तुलना में 35.7 % अधिक है। इस दौरान कोयला ऑफटेक 41.58 मिलियन टन हुआ है, जो गत वर्ष की तुलना में 25.6% अधिक है।

उन्होंने अप्रैल से सितंबर 2026 की अवधि में वेकोलि के सशक्त वित्तीय प्रदर्शन का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान कंपनी ने ₹1,352.26 करोड़ का कर-पूर्व लाभ (Profit Before Tax) अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 76.29% अधिक है।

श्री घोष ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए वेकोलि की सात खदानों को 5-स्टार तथा 25 खदानों को फोर-स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है, जो कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों में सर्वाधिक है। उन्होंने खनन कार्यों में सुरक्षा, उत्कृष्ट परिचालन मानकों एवं पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने माजरी क्षेत्र में प्रस्तावित कोल-टू-



सिंथेटिक नेचुरल गैस (SNG) परियोजना, दुर्लभ मृदा तत्वों (Rare Earth Elements) की खोज तथा सौर ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कंपनी की विविधीकरण संबंधी पहलों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR), पर्यावरण संरक्षण एवं नवाचार के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने टीम वेकोलि से परिचालन उत्कृष्टता, तकनीकी नवाचार और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री संदीप परांजपे, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, संचालन समिति तथा कल्याण मंडल के सदस्य गण, महाप्रबंधक गण, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, करमचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

भूमि अधिग्रहण के एवज में 63 भू-आश्रितों को रोजगार



WCL में 02 नवंबर 2026 को भूमि अधिग्रहण के एवज में 63 भू-आश्रितों को रोजगार नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यालय में आयोजित इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में WCL के निदेशक (वित्त एवं मानव संसाधन) श्री बिक्रम घोष एवं निदेशक (तकनीकी) श्री संदीप परांजपे तथा निदेशक (तकनीकी / परि. एवं यो.) डॉ. अंजनी कुमार विशिष्ट अतिथि के रुप मे उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने सभी 63 भू-आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर संचालन समिति की ओर से श्री एस. एच. बेग ने अपनी बात रखी। समारोह में WCL के संचालन समिति के सदस्य सर्वश्री शरद धांडे, एन. टी. मस्के, एस. एच. बेग तथा एस आर गबाले विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में अधिकारी एवं कर्मचारी बढ़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता 2026-27 का सफलतापूर्वक समापन



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) की अंतर-क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन वणी नॉर्थ क्षेत्र में दिनांक 2 से 4 नवंबर 2026 तक दुर्गा पूजा मैदान, भालर, वणी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, सामूहिक प्रयास, टीम भावना एवं जीत के प्रति दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में श्री बिक्रम घोष, निदेशक (वित्त एवं मानव संसाधन), वेकोलि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वेकोलि के संचालन समिति सदस्य, वेकोलि कल्याण मंडल के सदस्य तथा श्री ए. के. सिन्हा, निदेशक (मानव संसाधन) के तकनीकी सचिव, वेकोलि भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री बिक्रम घोष ने कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विशेष रूप से महिला खिलाड़ियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी एवं सराहनीय प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने महिला खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने, स्वयं पर विश्वास रखने तथा पूरे आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि खेलों में महिलाओं की भागीदारी एवं उपलब्धियां महिला सशक्तिकरण और सामाजिक प्रगति का सशक्त प्रतीक हैं। उन्होंने महिला खिलाड़ियों से चुनौतियों का निर्भीकता से सामना करने, उपलब्ध अवसरों का पूरा लाभ उठाने तथा अपनी प्रतिभा के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने सफलता के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति, कठिन परिश्रम के प्रति समर्पण एवं अटूट आत्मविश्वास को आवश्यक बताया।

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप महिला वर्ग में माजरी क्षेत्र की टीम ने विजेता तथा बल्लारपुर क्षेत्र की टीम ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरुष वर्ग में चंद्रपुर क्षेत्र की टीम विजेता तथा माजरी क्षेत्र की टीम उपविजेता रही। सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को हार्दिक बधाई दी गई। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के उत्साह, समर्पण एवं उत्कृष्ट खेल भावना की सराहना की गई।

इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में वणी नॉर्थ क्षेत्र की एरिया वेलफेयर कमेटी के सदस्यों, अधिकारियों, आयोजकों एवं सभी सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर श्री संजय एम. मिश्रा, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, वणी नॉर्थ क्षेत्र सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की।



अंतर-क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता–2026 का सफलतापूर्वक समापन
36 टीमों ने प्रदर्शित किया प्राथमिक उपचार, आपातकालीन चिकित्सा सहायता एवं जीवनरक्षक तकनीकों में अपना कौशल



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) की दो दिवसीय अंतर-क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता–2026 का आयोजन नागपुर क्षेत्र में किया गया। प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन 12 नवंबर 2026 को सावनेर स्टेडियम, नागपुर में हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 36 टीमों के 179 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने प्राथमिक उपचार प्रक्रियाओं, आपातकालीन चिकित्सा सहायता एवं जीवनरक्षक तकनीकों के क्षेत्र में अपने ज्ञान, तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में श्री बिक्रम घोष, निदेशक (वित्त एवं मानव संसाधन), वेकोलि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री संदीप परांजपे, निदेशक तकनीकी (संचालन) तथा डॉ. अंजनी कुमार, निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

समारोह में श्री सी. जे. जोसेफ, सदस्य, CIL सुरक्षा बोर्ड, श्री रमेश बल्लेवार, कोयला मंत्रालय के प्रतिनिधि एवं सुरक्षा बोर्ड सदस्य, श्री जी. रमन्ना, WCL स्टीयरिंग कमेटी सदस्य तथा सुरक्षा संबंधी स्थायी समिति एवं WCL सुरक्षा बोर्ड के सम्मानित सदस्य भी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन WCL एवं MRS, नागपुर के अनुभवी चिकित्सकों एवं चिकित्सा विशेषज्ञों के प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल का नेतृत्व मुख्य निर्णायक डॉ. शशि शंकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO), WCL ने किया। निर्णायकों ने आपातकालीन परिस्थितियों के सिमुलेशन के दौरान प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित धैर्य, तकनीकी सटीकता, तत्परता एवं कार्यकुशलता की सराहना की।

इस कार्यक्रम का सफल आयोजन श्री हर्षद दातार, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, नागपुर क्षेत्र, श्री राज कपूर प्रसाद, महाप्रबंधक (रेस्क्यू) तथा श्री अविनाश प्रसाद, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किया गया।

खान सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि का सम्मान - इस अवसर का विशेष आकर्षण नागपुर क्षेत्र की तीन भूमिगत खदानों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कोयला मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई प्रतिष्ठित फाइव स्टार रेटिंग हेतु सम्मानित किया जाना रहा।

नागपुर क्षेत्र की सावनेर-I भूमिगत खदान, सावनेर-II भूमिगत खदान, पाटनसावंगी भूमिगत खदान इन तीनों भूमिगत खदानों द्वारा प्रतिष्ठित फाइव स्टार रेटिंग प्राप्त करना क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस उपलब्धि के साथ नागपुर क्षेत्र ने WCL के सभी क्षेत्रों में सर्वाधिक फाइव स्टार रेटिंग प्राप्त करने का विशिष्ट गौरव हासिल किया है।

यह प्रतियोगिता आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को सुदृढ़ करने, कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने तथा कर्मचारियों के जीवन एवं स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति WCL की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही, इस आयोजन ने कोयला खनन कार्यों में सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने और बहुमूल्य जीवन की रक्षा के लिए निरंतर प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण के महत्व को भी रेखांकित किया।



वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।